# कठपुतली शो, नुक्कड़ नाटक और लोक गीतों से योग के प्रचार-प्रसार की शुरूआत

**बीकानेर,** (कासं)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के जिला स्तरीय कार्यक्रम के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु प्रचार रथों को आज आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. नरेन्द्र कुमार शर्मा एवं सहायक नोडल अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सैनी ने इसे हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

ई-रिक्शा द्वारा पैम्पलेट वितरण एवं ऑडियो साउंड द्वारा योग दिवस का प्रचार प्रसार किया गया। अगले तीन दिनों तक यह गतिविधियां आयोजित हुई। इस दौरान राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर पंकज मरोलिया, अतिरिक्त निदेशक डॉ. नरेन्द्र शर्मा, उपनिदेशक एवं नोडल अधिकारी डॉ. घनश्याम रामावत, सहायक नोडल अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सैनी, डॉ. सागरमल शर्मा, डॉ. जितेन्द्र सिंह भाटी, डॉ. राज कुमार, डॉ. इरशाद रफीक, सहायक प्रशानिक अधिकारी रामकिशोर शर्मा, गिरीश चन्द्र गौतम, पप्पू सिंह एवं राजेन्द्र कुमार सहित आयुर्वेद विभाग स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक और जिला नोडल अधिकारी डॉ. घनश्याम रामावत ने कठपुतली शो, नुक्कड नाटक और लोक गीतों द्वारा योग के प्रचार-प्रसार की शुरूआत की। कठपुतली शो के




**अतिरिक्त निदेशक डॉ. नरेन्द्र शर्मा व नोडल अधिकारी डॉ. घनश्याम रामावत, सहायक नोडल अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सैनी ने योग दिवस के प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

माध्यम से लोक कलाकार, गावनियार मण्डली द्वारा गोगागेट सर्किल, मोहता रसायनशाला रेल्वे स्टेशन के सामने, जस्सूसर गेट, पूगल फांटा, बस स्टेण्ड, रतनबिहारी पार्क आदि स्थानों पर नुक्कड नाटक के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया। उन्होंने बताया कि अन्य स्थलों पर अगले दो दिनों में कठपुतली शो के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जायेगा।

**अनूपगढ़।** यहां 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सामूहिक रूप से मनाया जायेगा। अनूपगढ़ के राजकीय औषधालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने को लेकर तैयारियां की रूप रेखा को लेकर भारत विकास परिषद के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आयुर्वेद विभाग के प्रभारी डॉ सीमा चौहान ने की। डॉ चौहान ने बताया कि योग दिवस का मुख्य आयोजन पब्लिक पार्क में होगा। सहयोगी संस्था भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों को व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई।

डॉ चौहान ने बताया कि जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भारत विकास परिषद द्वारा प्रचार प्रसार किया जाएगा। अजमेर नोडल अधिकारी डॉ. सीमा चौहान ने आमजन से भी 21 जून को आयोजित होने वाले

**■ ई-रिक्शा द्वारा पैम्पलेट वितरण एवं ऑडियो साउंड द्वारा योग दिवस का प्रचार प्रसार किया**

अंतरराष्ट्रीय शिविर में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने की अपील की। राजकीय औषधालय में आयोजित बैठक में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष विपिन चुघ, प्रांतीय पदाधिकारी राजेंद्र गौड़, बंसी सारस्वत,रणवीर चौधरी,मांगी लाल जांगिड, संजय चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

बैठक में प्रांतीय पदाधिकारी गौड़ ने डॉ चौहान को बताया कि व्यापक प्रचार प्रसार के तहत पम्पलेट वितरण किए जाएंगे तथा रथ रवाना कर गांव गांव तक जाकर लोगों को योग करने के लिए जागरूक किया जायेगा। योग दिवस को मानने के लिए अलग अलग व्यवस्थाएं कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जायेगा। डॉक्टर सीमा चौहान ने बताया कि योग दिवस को लेकर पूरे उत्साह से तैयारियां की जा रही है। विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी योग दिवस को लेकर मनाए जाने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को पब्लिक पार्क में सुबह साढ़े 6 बजे आएं।

## नरेश व रामचन्द्र को डॉक्टरेट की उपाधि

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय डूंगर कॉलेज के ग्रीन कैमिस्ट्री रिसर्च सेन्टर के शोधार्थी नरेश कुमार हर्ष ने 'माइक्रोवेव एसिस्टेड सिंथेसिस, बायोलॉजिकल एक्टिविटी व क्यूएसएआर स्टडीज' विषय पर डूंगर महाविद्यालय के प्रो. नरेंद्र भोजक के निर्देशन में एम.जी.एस. विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई।

नरेश कुमार हर्ष ने क्यूएसएआर विषय से संबंधित चार शोध पत्र अन्तर्राष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित किये हैं। क्यूएसएआर स्टडी दवाईयों के निर्माण मे लगने वाले समय और खर्च को बचाता है। राजस्थान मे ये अपने प्रकार का पहला शोध है। हर्ष वर्तमान में बिनानी कन्या महाविद्यालय में विज्ञान विषय समंवयक के पद पर कार्यरत है।

राजकीय डूंगर कॉलेज के ग्रीन कैमिस्ट्री रिसर्च सेन्टर के शोधार्थी रामचन्द्र बेनीवाल ने 'प्राकृतिक व कृत्रिम मधुरक के संकुल' विषय पर डूंगर महाविद्यालय के प्रो (डॉ.) नरेंद्र भोजक के निर्देशन में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि अर्जित की है।

रामचन्द्र बेनीवाल ने प्राकृतिक व कृत्रिम मधुरक विषय से संबंधित चार शोध पत्र अन्तर्राष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित किए। यह डायबिटीज के रोगियों के लिए उपयोगी हैं। बेनीवाल वर्तमान में गंगाराम सीनियर सैकण्डरी स्कूल में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

## सार-समाचार

### मनरेगा कार्यो के लिए कैम्प आयोजित



**सूरतगढ़ में मनरेगा कार्यों को बढ़ाने हेतु आयोजित कैम्प का जिला परिषद सीईओ मोहम्मद जुनैद ने अवलोकन किया।**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला परिषद श्रीगंगानगर के सीईओ मोहम्मद जुनैद के निर्देशानुसार अवकाश के बावजूद पंचायत समिति सूरतगढ़ में दो दिवसीय कैम्प आयोजित कर कार्य स्वीकृति हेतु आ रही बाधा दूर करने का प्रयास किया गया। इस दौरान मनरेगा अंतर्गत व्यक्तिगत लाभ के कार्यों को बढ़ाने की कार्रवाई की गई। मौके पर 869 कार्यों को मनरेगा सिक्योर पर अपलोड की प्रक्रिया अपनाई गई। जुनैद ने बताया कि अधिशासी अभियंता रमेश मदान ने केम्प प्रभारी के रूप में शिविर स्थल पर प्राप्त आवेदन पत्रों में कमियों को मौके पर निस्तारण किया। व्यक्तिगत लाभ के कार्यों के साथ-साथ जन उपयोगी कार्य की स्वीकृति प्राप्त कर 869 कार्यों के तकमीना तैयार कर सिक्योर साफट पर अपलोड की प्रक्रिया अपनाई। इसमें से व्यक्तिगत लाभ के 737 कार्य एवं जन उपयोगी सामुदायिक कार्य के 132 कार्य लिए गए हैं। जुनैद ने बताया कि विभिन्न पंचायत समिति से 10 कनिष्ठ अभियंता की टीम शिविर हेतु गठित की गई। शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक कार्यों का अनुमान तैयार करना था ताकि पूरे वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्राम पंचायत मे कार्यों की कमी न रहे। मनरेगा अंतर्गत सिक्योर सॉफ्ट के जरिए प्रेषित आवेदन फार्म जिला स्तर पर 110 कार्य स्वीकृति हेतु प्रदर्शित हो चुके हैं। जिले में अभी तक मनरेगा अंतर्गत श्रम नियोजन 90,000 है। सूरतगढ़ पंचायत समिति अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में लगभग 15,000 श्रमिक मनरेगा में काम कर रहे हैं। शिविर में सहायता अभियंता हरि किशन सिहाग, गुरदयाल सिंह, लक्ष्मी नारायण, मन्दाकिनी, हरवीर सिंह, सन्दीप कुमार, उम्मेद कुमार, विजयपाल, हरीराम, गणेशाराम, नागराज, जेटी, आदि मौजूद थे। जुनैद के अनुसार इस प्रकार के कैम्प भविष्य में अन्य पंचायत समिति में भी भविष्य में आयोजित किये जायेंगे।

### रावतसर कस्बे में नालियां ओवरफ्लो

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के रावतसर कस्बे में पिछले एक सप्ताह से बाजार की नालियां ओवरफ्लो हो जाने से पानी और गंदगी सड़क पर फेल रहा है। इससे दुकानदारों और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय दुकानदारों और विधायक ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। विधायक धर्मेन्द्र मोची ने कहा कि एक और जहां पूरा प्रदेश बिपरजॉय चक्रवात को लेकर अलर्ट मोड पर है। वहीं दूसरी तरफ रावतसर बाजार की तस्वीर कुछ अलग ही बयान कर रही है। नगर पालिका रावतसर की हठधर्मिता और ढुलमुल रवैए के चलते आमजन से लेकर दुकानदार तक परेशान है, जो पालिका की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगा रही है। शहर की सभी नालियां ओवरफ्लो होकर सड़कों और दुकानों के आगे पानी बह रहा है। पूरे शहर का वातावरण बदबूमय होकर बीमारियां फैलाने में लगा हुआ है। दुकानदारों ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि पिछले करीब 1 सप्ताह से शहर की यह स्थिति बनी हुई है। उन्हें दुकानों में जाने के लिए अलग-अलग जतन करने पड़ रहे हैं, लेकिन पालिका प्रशासन उनकी कोई सुध नहीं ले रहा है। एक दुकानदार ने बताया कि सुबह आते ही सबसे पहले उन्हें दुकान में प्रवेश करने के लिए ईंटें रखकर जुगाड़ बनाकर दुकान में प्रवेश करना पड़ता है। विधायक मोची ने कहा कि एक साल पहले बरसात से बाजार और गलियां पानी से भर गई थी उस समय पानी निकासी का आश्वासन मिला था, लेकिन आज भी स्थिति जस की तस बनी हुई है, जो चिंताजनक है। स्थानीय विधायक धर्मेन्द्र मोची ने प्रशासन व जिला प्रशासन को भी अवगत करवाया है। लेकिन प्रशासन ने शहर वासियों की कोई सुध अभी तक नहीं ली। विधायक ने आरोप लगाया है कि जिला प्रशासन व स्थानीय प्रशासन अपनी हठधर्मिता के चलते आमजन को जानबूझकर परेशानी में डाल रहा है। लोगों की समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रिपोर्टर ने इस संबंध में पालिका चेयरमैन श्याम सुंदर मेघवाल और ईओ पवन चौधरी को फोन किया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### गौशाला की भूमि पर अतिक्रमण

**सूरतगढ़,** (कासं)। यहां किशनपुरा आबादी में नगर पालिका द्वारा संचालित श्री शिवनंदी गौशाला में अतिक्रमण को लेकर गौशाला की कार्यकारिणी ने इस्तीफे की पेशकश की है। आज शहर के सामाजिक संगठनों के साथ हुई कार्यकारिणी की बैठक में उन्होंने ये बात कही। बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों ने बताया कि बार-बार प्रशासन को बताने के बाद भी पिछले तीन-चार दिन से की गौशाला की भूमि पर की जा रही तारबंदी और पिल्लरगढ़ी को रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई। इधर कार्यकारिणी के इस्तीफे की पेशकश के बाद बैठक में मौजूद पूर्व विधायक और संरक्षक गंगाजल मील, पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश कालवा ने एक सप्ताह में भूमि खाली करवाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद समिति के सदस्य माने। बैठक में समिति अध्यक्ष अनिल धानुका ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से नंदी शाला को दी गई भूमि पर अतिक्रमण करने के प्रयास किए जा रहे है। इस संबंध में कार्यकारिणी ने शासन और प्रशासन को कई बार बताया। इसके बाद भी पिल्लर लगाकर तारबंदी करने का काम लगातार चल रहा है। इस पर पूर्व विधायक गंगाजल मील ने आश्वासन दिया कि 7 दिनों में भूमि से अतिक्रमण हटाकर खातेदारी को भी निरस्त करवाने का प्रयास किया जाएगा। 7 दिनों में भी अगर कार्रवाई नहीं होती है तो पूरा शहर मिलकर आगे की रणनीति बनायेगा। बैठक में भाजपा के किसान नेता नरेंद्र घिंटाला ने कहा कि इस मामले में देरी नहीं होनी चाहिए, कानूनी कार्रवाई तो दादा से लेकर पोते तक लंबी चलती है।

# केजरीवाल ने गहलोत सरकार और भाजपा को जमकर घेरा

**श्रीगांगानगर,** (कासं)। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राजस्थान की गहलोत सरकार और भाजपा को जमकर घेरा और अपनी उपलब्धियां गिनाई। केजरीवाल ने कहा कि सरकार में आने पर राजस्थान में आम आदमी पार्टी हर गांव में मोहल्ला क्लीनिक खुलवायेगी। हर घर में 300 यूनिट बिजली मुफ्त देगी।

केजरीवाल बोले कि हमारे आने के रास्ते में हर जगह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के होर्डिंग लगा रखे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि यदि गहलोत पांच साल काम कर लेते तो यह नीच हरकत नहीं करनी पड़ती। मेरी पहली सभा जितनी बड़ी है, उतनी बड़ी रैली गहलोत ने पूरे पॉलिटिकल करियर में नहीं की। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा-कांग्रेस ने मिलकर भ्रष्टाचार किया है। बेचारा सचिन पायलट रो-रोकर मर गया, लेकिन गहलोत कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। कहते हैं कि वसुंधरा मेरी बहन लगती है। केजरीवाल ने कहा कि हम भगत सिंह के चेले हैं। ये मनीष सिसोदिया, भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल को भी

**■ केजरीवाल ने कहा कि राजस्थान में मौका दीजिए 50 साल तक गहलोत-वसुंधरा याद नहीं आयेंगे**

जेल भेज देंगे तो क्रांति रूकेगी नहीं। मेरा एक ही सपना है कि भारत को दुनिया का नंबर 1 देश बनायेंगे। मुझे युवाओं का साथ चाहिए।

मेरे पास प्लान है, पढ़ा-लिखा हूं, इंजीनियर हूं, आईआरएस रहा हूं। इसीलिए भाजपा-कांग्रेस वाले चिढ़ते हैं मेरे से। उनकी डिग्री फर्जी है। 10 साल में हम देश को नंबर वन बना सकते हैं। 10 साल के अंदर हम देश से गरीबी दूर कर सकते हैं, मेरे पास इसका पूरा प्लान है। पेपर लीक पर केजरीवाल ने कहा कि इनसे एक पेपर नहीं करवाए जा रहे। दिल्ली में 8 साल में एक पेपर लीक नहीं हुआ। पंजाब में नहीं हुआ। अगली बार वोट डालने जाओ तो पढ़े-लिखे लोगों को वोट देना, अनपढ़ लोगों को मत देना। दिल्ली और पंजाब से 50 साल आम आदमी पार्टी को कोई नहीं हिला सकता। राजस्थान में मौका दीजिए आपका ऐसा दिल जीतेंगे कि 50 साल तक गहलोत-वसुंधरा याद नहीं आयेंगे। अच्छी शिक्षा, अच्छी नौकरी, अच्छा इलाज सिर्फ केजरीवाल दे सकता है और कोई नहीं दे सकता। भ्रष्टाचार, गंदी राजनीति मुझे नहीं आती, मुझे सिर्फ काम करना आता है।

केजरीवाल ने कहा कि ये लोग मनीष सिसोदिया को भ्रष्टाचारी बोलते हैं। जिस आदमी ने पूरे दिल्ली के स्कूलों को शानदार बना दिया। वर्ल्ड क्लास का बना दिया जो सुबह 6 बजे उठकर स्कूलों का दौरा करने जाता था, क्या वो भ्रष्टाचार कर सकता है। भगवंत मान ने घोषणा की कि पंजाब से राजस्थान में अब बुड्ढा नाला का गंदा पानी नहीं आयेगा। 600 करोड़ की लागत से काम करवाएंगे ताकि राजस्थान को साफ पानी मिले। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि गहलोत ने हमारी रैली फैल करने के लिए काले झंडे लेकर लोगों को भेजा था। ये काले झंडे आम आदमी पार्टी के लिए घी का काम करते हैं।

## मारपीट कर 4200 रुपए छीने

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। शहर के पदमपुर रोड पर युवक से मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। युवक जरूरी काम से शहर के पदमपुर रोड पर जा रहा था। इसी दौरान एक युवक ने उसे रोका और उससे मारपीट शुरू कर दी। मामले की जांच एसआई पवन कुमार को दी गई है। युवक जरूरी काम से जा रहा था इसी दौरान उससे यह वारदात हुई।

युवक ने बताया कि आरोपी ने उसकी जेब में रखा मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। जवाहर नगर निवासी राजू पुत्र श्रीराम ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह जरूरी काम से जवाहर नगर से पदमपुर रोड की तरफ जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे पुरानी आबादी निवासी मनप्रीतसिंह उर्फ सुरजीत सोनी ने उसे रोका और उससे मारपीट शुरू कर दी।

आरोपी ने सीधे उसकी जेब पर हाथ डाला। उसके हाथ में मोबाइल आया तो उसने इसे पटककर तोड़ दिया। उसने जेब में रखे 4200 रुपये पर हाथ डाला और इसे छीनकर फरार हो गया। शहर के पदमपुर रोड इलाके में श्याम नगर पुलिया और इसके आसपास लूट की वारदातें होती रही हैं। इस रोड पर आवाजाही कम होने से वारदात हुई।

# घर पर बुला युवक से की मारपीट, मामला दर्ज

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के नोहर थाना क्षेत्र में घर पर बुलाकर एक व्यक्ति से मारपीट करने का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर 7 लोगों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

पीड़ित ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी एक विवाहिता से फोन पर बात होती थी। इसको लेकर उसे पंचायत में बुलाया गया जहां उसके साथ मारपीट की गई। पीड़ित ने इस्तगासे में खुद पर दर्ज हुए मुकदमे को झूठा बताते हुए पुलिस पर जेल भेजने का भी आरोप लगाया है। नोहर पुलिस ने कोर्ट के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हैड कांस्टेबल ओमप्रकाश ने बताया कि कोर्ट से प्राप्त इस्तगासे के आधार पर मारपीट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीडित मनीष कुमार (29) पुत्र ओमप्रकाश निवासी वार्ड 18 साहवा जिला चूरू ने दर्ज करवाए रिपोर्ट में 7 लोगों पर घर बुलाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। मनीष ने बताया कि नौरंगलाल पुत्र कानाराम निवासी बिरकाली की बहन की नोहर तहसील क्षेत्र के करोती गांव निवासी विनोद पुत्र

**■ युवक की एक विवाहिता से फोन पर बात होती थी**

**■ उसे पंचायत में बुलाया गया जहां उसके साथ मारपीट की गई**

जोतराम के साथ शादी हुई है। मनीष की पिछले एक साल से विवाहिता से फोन पर बातें होती थी। इस बात का जब विवाहिता के भाई नौरंगलाल और ससुराल वालों को पता चला तो वो उससे नाराज रहने लगे। इस पर उसने विवाहिता से फोन पर बातचीत बंद कर दी, लेकिन विवाहिता उस पर बात करने का दबाव बनाने लगी। 16 मार्च को रावतसर कस्बा में मनीष के मामा प्रहलाद के घर पंचायत की गई। पंचायत में कृष्ण कुमार ने कहा कि आप कल बिरकाली गांव चले जाओ वहां पर मेरा दामाद पवन कुमार मिलेगा। आप उसके साथ नौरंगलाल के घर पर चले जाना और उसकी बहन को समझा देना।

# पेयजल समस्या को लेकर माकपा का आन्दोलन 22 से

**अनूपगढ़,** (कासं)। जनता जल योजना में डाली गई पाइपलाइन को लेकर ग्रामीणों में रोष है। मामला अनूपगढ़ तहसील क्षेत्र के गांव 4 के एस एम का है। ग्रामीणों का आरोप है कि पाइप लाइन डालने में अनियमितता बरती गई है।

इस मामले में कॉमरेड नेता श्योपत राम मेघवाल के नेतृत्व में ग्रामीणों द्वारा मामले में कठोर कार्रवाई करने की मांग की जा रही है तथा कुछ अन्य मांगों को लेकर भी ग्रामीण आंदोलन की राह पकड़ने की तैयारी कर रहे हैं। माकपा नेता श्योपत मेघवाल ग्रामीणों को साथ लेकर 22 जून से आंदोलन की तैयारी कर चुके हैं।

माकपा नेता मेघवाल ने बताया कि गांव में पेयजल व्यवस्था सुचारु रूप से करने, मनरेगा में 100 दिन काम की गारंटी सुनिश्चित करने, खोखरावाली में आवासीय पट्टे जारी करने, भारतमाला मुख्य सड़क से 4 से 9 एल एस एम तक सड़क का निर्माण करने की मांग को लेकर आंदोलन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन डालने में अनियमितता बरती गई है। उन्होंने कहा कि नक्शे के अनुरूप पाइप लाइन नहीं डाली गई है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग को अवगत करवाने के बाद भी समाधान नहीं हो पाया है। वहीं मनरेगा में रोजगार गारंटी के तहत काम उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा।

## डॉ. चन्द्रभान आज हनुमानगढ़ आयेंगे

**हनुमानगढ़,** (कासं)। बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन एवं समन्वय समिति के उपाध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान आज हनुमानगढ़ आयेंगे। एडीएम प्रतिभा देवठिया ने बताया कि प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार बीसूका उपाध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान सोमवार को श्रीगंगानगर में बीसूका की समीक्षा बैठक लेंगे। श्रीगंगानगर से रवाना हो रात्रि 7 बजे हनुमानगढ़ सर्किट हाउस पहुंचेंगे और वहीं रात्रि विश्राम करेंगे। मंगलवार सुबह 10 बजे सर्किट हाउस में आमजन से मुलाकात करेंगे और 11 बजे हनुमानगढ़ कलेक्ट्रेट सभागार में बीसूका की समीक्षा बैठक लेंगे। देवठिया ने बताया कि डॉ. चन्द्रभान सायं 4 बजे जयपुर के लिए रवाना होंगे।

# नोखा में 75 हेक्टेयर में लगेंगे 1 लाख से ज्यादा पौधे

**नोखा,** (कासं)। नोखा कस्ब को हरा भरा बनाने के उद्देश्य से इस बार वन विभाग ने एक लाख से अधिक पौधे तैयार किए है। इसके लिए वन विभाग की नोखा में स्थिति दोनों नर्सरियों में पौधे तैयार किए जा रहे हैं।

विभाग की ओर से आम लोगों को फार्म फोरेस्ट नीति के तहत 20 हजार पौधे और फॉर्म नीति के तहत शहरी क्षेत्र की नगर पालिका, पंचायतों व स्कूलों को को 84 हजार पौधे सशुल्क बांटेगा। इसके अलावा ग्राम पंचायत क्षेत्रों की चारगाह भूमि व सरकारी भूमि पर भी पौधे लगेंगे। नोखा में 75 हेक्टेयर में

**■ ग्राम पंचायत क्षेत्रों की चारगाह भूमि व सरकारी भूमि पर भी पौधे लगेंगे**

करीब 01 लाख 5 हजार पौधे लगाए जायेंगे। इसके अलावा वन विभाग स्कूलों, सामाजिक संस्थाओं व अपने स्तर पर जहां हरियाली कम है, वहां पर पौधे लगायेगा।

साथ ही नोखा में फलदार और छायादार पौधों का रोपण भी किया जायेगा। इस बार वन विभाग की ओर फूलों वाले खुशबूदार पौधों सहित स्थानीय स्तर पर लगने वाले पौधे तैयार किए गए हैं। इस बार दो-चार बार अच्छी बारिश होने व मौसम अनुकूल होने से कई लोग तो पौधे लगाने के लिए पहुंचने भी लगे है।

पौध वितरण एक जुलाई से शुरू कर दिया जायेगा। वन विभाग की नोखा में नेशनल हाईवे पर स्थित नर्सरी व नोखागांव में नर्सरियां है। इनमें नीम, खेजड़ी, जामुन, बेलपत्र, गुलाब, मेहंदी, बोगन बेल, कनेर, दिन का राजा, रात की रानी, चांदनी, नींबू, पपीता सहित विभिन्न प्रजाति के पौधे है।

# मदरसों में प्राथमिकता के साथ होगा आधारभूत सुविधाओं का विकास : चोपदार

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एम.डी. चोपदार ने कहा कि सभी जिलों के मदरसों की स्टेट्स रिपोर्ट ली जा रही है, जिससे आवश्यकता के अनुसार यहां आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा सके।

मदरसा बोर्ड अध्यक्ष ने रविवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रत्येक बजट में मदरसों के लिए अनेक सौगातें दी। वहीं हाल के बजट में उन्होंने मदरसों में 1000 स्मार्ट क्लासेज, यहां पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल ड्रेस, बेग और किट देने की घोषणा की।

इसी प्रकार कंप्यूटर जैसे संसाधन भी उपलब्ध करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी सुविधाओं के विकास से मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सकेगी।

मदरसा बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि वे अब तक 16 जिलों का दौरा कर चुके हैं तथा संबंधित जिले के अल्पसंख्यक



**बीकानेर सर्किट हाऊस में पत्रकार वार्ता को मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एम. डी. चोपदार ने संबोधित किया।**

अधिकारी से मदरसों की स्टेट्स रिपोर्ट ली जा रही है, जिससे आवश्यक विकास करवाया जा सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मदरसों में 2 लाख 7 हजार बच्चे पढ़ रहे हैं। वर्तमान में यह मदरसे पांचवी और आठवीं स्तर के हैं। इन्हें दसवीं तक क्रमोन्नत करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से आग्रह किया गया है।

उन्होंने कहा कि मदरसा बोर्ड द्वारा भी शिविरा जैसा पंचांग प्रकाशित किया जायेगा। इसके लिए कमेटी का गठन

**■ मदरसों में 1000 स्मार्ट क्लासेज, यहां पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल ड्रेस, बेग और किट देने की घोषणा की**

किया गया है। उन्होंने मदरसा बोर्ड की अन्य गतिविधियों के बारे में बताया। साथ ही राज्य सरकार द्वारा लगाए जा रहे महंगाई राहत कैम्पों की जानकारी दी और कहा कि इनसे आमजन का सरकार के प्रति विश्वास और बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने जनता से किए गए सभी वादे निभाए हैं, जिनसे आमजन में खुशी की लहर है।

इस दौरान राहुल जादूसंगत, डॉ. मिर्जा हैदर बेग, सलीम चोपदार, अमजद निर्वाण, कुलदीप सुथार, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शहजाद अली मौजूद थे।

# साध्वी शशिरेखा ने स्वास्थ्य की महत्ता पर जानकारी दी

**बीकानेर,** (कासं)। शांति निकेतन, गंगाशहर, श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा गंगाशहर द्वारा साध्वी शशिरेखा एवं साध्वी ललित कला के सानिध्य में 'पहला सुख निरोगी काया' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए साध्वी शशिरेखा ने स्वास्थ्य की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम कैसे खाएं कैसे रहे कैसे सोए आदि विषयों पर जागरूक रहते हुए अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते हैं। हमारी दिनचर्या अगर व्यवस्थित हो तो स्वास्थ्य को सही रखा जा सकता है। उन्होंने जंक फूड, फास्ट फूड तथा बाहर के खाने के नुकसान भी बताए। उन्होंने बताया कि मानव जीवन दुर्लभ है, अगर हमारा शरीर स्वस्थ रहें तो हम आत्म साधना भी अच्छी तरह कर पायेंगे।

साध्वी ललित कला ने अपने उद्बोधन में कहा कि संयम से शरीर स्वस्थ रहता है तथा असंयम से बीमार हो जाता है। उन्होंने शरीर के अवयवों को बेशकीमती बताते हुए उन्हें सुरक्षित रखने के उपाय बताए। दीर्घ श्वास के



**साध्वी शशिरेखा ने 'पहला सुख-निरोगी काया' संगोष्ठी को संबोधित किया।**

बारे में बताया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉक्टर जैन जे. एम. मरोटी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति जब निरोगी रहता है, तो उसे सब कार्य अच्छा लगता है। अगर वह स्वस्थ नहीं है तो उसे कुछ भी अच्छा नहीं लगता। स्वास्थ्य के लिए उन्होंने बैलेंस डाइट को महत्वपूर्ण बताया। कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन व वसा की संतुलित मात्रा व्यक्ति को स्वस्थ रखने में कारगर है। जैन धर्म में कम द्रव्य लगाने की परंपरा को उन्होंने स्वास्थ्य के लिए हितकारी बताया।